भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)

निगम कार्यालय, गच्चीबाउली – हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./एम आर/ 04 दिनांक : 6 जुलाई, 2021

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

बीडीएल द्वारा भारतीय वायुसेना को आकाश मिसाइल की आपूर्ति के लिए संविदा पर हस्ताक्षर किये गये।

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने भारतीय वायु सेना को आकाश मिसाइल के विनिर्माण और आपूर्ति के लिए कुल रु. 499 करोड़ की संविदा पर हस्ताक्षर किया।

इस संविदा पर भारतीय वायु सेना की ओर से **एयर कमोडोर अजय सिंगल, एयर कमोडोर, संचलित अस्त्र अनुरक्षण** और बीडीएल की ओर से **टी एन कौल (से.नि.), अधिशासी निदेशक (विपणन), श्री पी राधाकृष्ण, निदेशक (उत्पादन)**, बीडीएल की उपस्थिति में आज नई दिल्ली में हस्ताक्षर किये।

बीडीएल के सी एम डी **कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.)** ने कहा कि बीडीएल, भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना को आकाश मिसाइल की आपूर्ति कर रहा है। केंद्रीय मंत्रालय से आकाश अस्त्र प्रणाली के निर्यात के संबंध में अनापत्ति दी गयी है। कंपनी अपने मित्र देशों को आकाश की आपूर्ति के लिए प्रयास कर रही है। मिसाइल की खरीदी में रुचि रखनेवाले कुछ देशों से बीडीएल को निर्यात प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। कंपनी, इन आदेशों को कार्यान्वित करने तथा समय ग्राहक को आपूर्त करने के लिए सुव्यवस्थित संस्थागत अवसंरचना और विशेषज्ञता से युक्त है।

भारतीय एकीकृत संचलित प्रक्षेपास्त्र (आईजीएमडीपी) के तहत परियोजना के लिए बीडीएल अग्रणी उत्पादक एजेंसी है। आईजीएमडीपी के अंतर्गत आकाश एक ऐसी मिसाइल है जो बीडीएल द्वारा भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना के लिए विनिर्मित है । इस मिसाइल का कई बार सफल परीक्षण किया गया और मिसाइल की श्रेणी में इसे उत्तम माना जाता है।

कंपनी इसके साथ-साथ टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल, हवा से सतह पर मार करनेवाले अस्त्र,लॉचर्स, परीक्षण उपकरण, अंतर्जलास्त्र और प्रतिमारक अवसर्जन प्रणाली का विनिर्माण करती हैं।

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान रु. 2803 करोड (कर सहित) नये आदेशों को प्राप्त किए हैं जिसमें टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र का आदेश कुल रु. 1820 करोड है और सतह से हवा में मार करनेवाली मिसाइल का आदेश कुल रु. 793 करोड का है।

वर्तमान में भारतीय वायु सेना को आकाश की आपूर्ती के लिए संविदा किए गए हस्ताक्षर से कार्य-आदेश की स्थिति रु. 8683 करोड है।

कंपनी, अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में अपना कदम आगे बढ़ाते हुए अपने मित्र देशों को हवा से हवा में मार करनेवाली मिसाइल, टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र, अंतर्जलास्त्र और प्रतिमारक अवसर्जन प्रणाली के साथ-साथ आकाश मिसाइल बेचने का प्रस्ताव रख रही है।

आकाश मिसाइल

आकाश फायरिंग